चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 4155 दिनांक : 5/11/26

कार्यालय आदेश

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 03.09.2026 की मद संख्या 3(1) के सापेक्ष पारित संकल्पानुसार "ऐसे छात्र/छात्राओं जिनके आन्तरिक परीक्षा में उपस्थित रहने के उपरान्त भी महाविद्यालय द्वारा किसी कारणवश ऑनलाईन पोर्टल पर अंक अपलोड नहीं हो पाए हैं, के सम्बन्ध में महाविद्यालय द्वारा इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत किये जाये कि इस प्रकार की त्रुटि भविष्य में नहीं दोहरायी जायेगी" तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा प्रेषित ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त अंकों को स्वीकार किये जाने विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः गोप0/2988 दिनांक 14/09/2026 के क्रम में अवगत कराना है कि आन्तरिक परीक्षा के अंक स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 30.11.2026 है। इस तिथि के पश्चात आन्तरिक परीक्षा के ऑफलाईन अंक स्वीकार नहीं किये जाएँगें

उक्त के अतिरिक्त महाविद्यालय द्वारा प्रेषित किये जाने वाले आन्तरिक परीक्षा के अंकों की हार्ड कापी के अतिरिक्त साफ्ट–कॉपी महाविद्यालय की ई–मेल आई0डी0 से विभाग की ई–मेल आई0डी0: **dyregistrarconf@ccsuniversity.ac.in** पर भी प्रेषित की जानी आवश्यक है।

05/11

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक को कुलसचिव/ परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
3. समस्त संकायाध्यक्षो को सूचनार्थ।
4. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/निदेशक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी, प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वह समस्त समाचार–पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराना सुनिश्चि करें।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)